अटल न्यू इंडिया चैलेंज 2.0

अटल इनोवेशन मिशन ने '**अटल न्यू इंडिया चैलेंज**' (ANIC 2.0) के दूसरे संस्करण के चरण-1 का शुभारंभ किया।

- **ANIC 1.0** को वर्ष 2018 में नवाचारों और प्रौद्योगिकियों को लोगों हेतु प्रासंगिक बनाने के आह्वान के लिये लॉन्च किया गया था।

अटल न्यू इंडिया चैलेंज:

- **परिचय:**
  - अटल न्यू इंडिया चैलेंज अटल इनोवेशन मिशन, नीति आयोग का एक प्रमुख कार्यक्रम है। इस कार्यक्रम का उद्देश्य प्रौद्योगिकी आधारित उन नवाचारों की तलाश, चयन, समर्थन करना और उन्हें बढ़ावा देना है जो राष्ट्रीय महत्त्व एवं सामाजिक प्रासंगिकता से संबंधित क्षेत्रीय चुनौतियों का समाधान करते हैं।
  - ANIC प्रोटोटाइप चरण में नवाचारों की मांग के साथ 12-18 महीनों के दौरान चयनित स्टार्टअप को व्यावसायीकरण चरण में सहयोग करता है।
- **दृष्टकोण:**
  - मौजूदा प्रौद्योगिकियों के आधार पर उत्पादों का निर्माण कर राष्ट्रीय महत्त्व और सामाजिक प्रासंगिकता (उत्पादन) की समस्याओं को हल करना।
  - भारत के संदर्भ में नए समाधानों, बाज़ार और शुरुआती ग्राहकों (व्यवसायीकरण) को खोजने में मदद करना।
- **उद्देश्य:**
  - भारत के निरंतर विकास और वृद्धि हेतु शिक्षा, स्वास्थ्य, जल एवं स्वच्छता, कृषि, खाद्य प्रसंस्करण, आवास, ऊर्जा, गतिशीलता, अंतरिक्ष आदि महत्त्वपूर्ण क्षेत्रों में नवाचारों को प्रोत्साहित करना।
  - '**कॉमर्सलाइज़ेसन वैली ऑफ डेथ**' (अनुसंधान और व्यावसायीकरण के बीच अंतर) की पहचान करने के साथ, परीक्षण, पायलटिंग और बाज़ार निर्माण के लिये संसाधनों तक पहुँच से जुड़े जोखिमों पर नवोन्मेषकों को सहयोग प्रदान करना।
- **ANIC 1.0:**
  - **ANIC 1.0** ने एक मुक्त नवाचार चुनौती प्रारूप (Open Innovation Challenge Format) का निर्माण किया था जहाँ सार्वजनिक डोमेन में चुनौती वक्तव्य (Challenge Statements) प्रकाशित किये गए और आवेदन के लिये कॉल किया गया था।
  - स्टार्टअप विजेता/व्यक्तिगत नवोन्मेषकों को **1 करोड़ रुपए तक की किश्त आधारित अनुदान सहायता और AIM के नवाचार नेटवर्क** के माध्यम से सहायता प्रदान की जाती है।
- **ANIC 2.0:**
  - **ANIC 2.0** के पहले चरण में 7 क्षेत्रों की 18 चुनौतियों का सामना करना पड़ेगा, जिसमें ई-मोबिलिटी, सड़क परिवहन, अंतरिक्ष प्रौद्योगिकी और अनुप्रयोग, स्वच्छता प्रौद्योगिकी, चिकित्सा उपकरण एवं सामग्री, अपशिष्ट प्रबंधन व कृषि शामिल हैं।

अटल इनोवेशन मिशन(AIM):

- AIM देश में नवाचार और उद्यमिता की संस्कृति को बढ़ावा देने हेतु भारत सरकार की प्रमुख पहल है।
- इसका उद्देश्य अर्थव्यवस्था के विभिन्न क्षेत्रों में नवाचार को बढ़ावा देने हेतु नए कार्यक्रमों और नीतियों को विकसित करना, विभिन्न हितधारकों के लिये मंच एवं सहयोग के अवसर प्रदान करना, लोगों के मध्य जागरूकता बढ़ाना और देश के नवाचार पारिस्थितिकी तंत्र की निगरानी हेतु एक छत्र/अंब्रेला संरचना (Umbrella Structure) विकसित करना है।
- **प्रमुख पहलें:**
  - अटल टिंकरिंग प्रयोगशाला: इसके माध्यम से देश के स्कूलों में छात्रों की समस्याओं का समाधान करने हेतु उनका मानसिक विकास करना है।
  - **अटल इनक्यूबेशन केंद्र:** विश्व स्तरीय स्टार्टअप को बढ़ावा देना और इनक्यूबेटर मॉडल में एक नया आयाम जोड़ना हेतु इनकी स्थापना की गई है।
  - **अटल न्यू इंडिया की चुनौतियाँ**: उत्पाद नवाचारों को बढ़ावा देना और उन्हें विभिन्न क्षेत्रों/मंत्रालयों की ज़रूरतों के अनुरूप बनाना।
  - **मेंटर इंडिया अभियान**: मिशन की सभी पहलों का समर्थन करने के लिये सार्वजनिक क्षेत्र, कॉरपोरेट्स और संस्थानों के सहयोग से निर्मित एक राष्ट्रीय मेंटर नेटवर्क।
  - अटल कम्युनिटी इनोवेशन सेंटर: टियर 2 और टियर 3 शहरों सहित देश के असंरक्षित/संरक्षित क्षेत्रों में समुदाय केंद्रित नवाचार एवं

विचारों को प्रोत्साहित करना।

- **लघु उद्यमों के लिये अटल अनुसंधान और नवाचार (ARISE):** एमएसएमई उद्योग में नवाचार एवं अनुसंधान को प्रोत्साहित करना।

स्रोत: पी.आई.बी.

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/atal-new-india-challenge-2-0